an>

Title: Need to bring historical places in Banda parliamentary constituency in the tourism map of the country.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) ः मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत चित्रकूट धाम एवं राजापुर जो गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली है, वाल्मीकि आश्रम, भरतकूप, मड़का जैसे पर्यटन एवं तीर्थस्थल चित्रकूट जिले में तथा बांदा जिले में कालिंजर का विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक किला व महर्षि वामदेव की तपस्थली, बांदा जैसे स्थल आते हैं। लेकिन केंद्र सरकार व राज्य सरकार के पर्यटन मानचित्र में अभी उन्हें वह प्रमुख स्थान नहीं दिया गया है। जो धन इन स्थलों के विकास के लिए भी आता है उसे, बिना हम सब जनप्रतिनिधियों की राय के, योजनाएं बनाकर खर्च कर दिया जाता है। अस्तु सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त स्थलों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र में लाकर समुचित विकास करायें एव योजनाएं सांसदों से विचार-विमर्श कर बनाने का निर्देश देने की कृपा करें।